## संक्षिप्त

### प्रतियोगिता का समापन आज

**सादुलपुर।** राउमावि राजगढ में 68वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन 11 नवम्बर सोमवार प्रात: 09 बजे से होगा। प्रतियोगिता में मीडिया प्रभारी मनोज पूनियां ने शनिवार शाम छ: बजे जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन पर पदक वितरण समारोह में पीसीआई अध्यक्ष पदम भूषण देवेंद्र झाझडिया उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर हरियाणा के प्रभारी एवं भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया द्वारा की गई घोषणा के अनुसार सभी विजेता खिलाडियों को प्रोत्साहन राशि एवं टीम प्रशिक्षकों को ट्रैक सूट का वितरण किया जाएगा। भारत की पैरा ओलम्पिक समिति के अध्यक्ष पदम भूषण देवेंद्र झाझडिया राज्य के विजेता एथेलेटिक्स खिलाडियों से रूबरू होंगे। झाझडिया के अलावा विशिष्ट गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे। समापन समारोह कार्यक्रम प्रात: 09 बजे होगा।

### कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेंगी अनिता

**बीदासर।** निकटवर्ती गांव सांडवा की अभिलाषा शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत बेटी अनिता अब 17 वर्षीय कबड्डी वर्ग में मध्यप्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करेगी। इस बार राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर मध्यप्रदेश को मिला है। गौरतलब है बीदासर उपखंड क्षेत्र के गांव सांडवा की बेटी अनिता पहली बार प्रदेश की टीम का नेतृत्व करेगी, और राष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेकर विद्यालय, गांव व उपखंड बीदासर का नाम रोशन करेंगी। संस्थान के निदेशक रामगोपाल चौधरी ने बताया कि विद्यालय में पढाई के साथ साथ सह शैक्षिणक गतिविधियों को चालू रखा जाता है। उसी का परिणाम है, कि क्षेत्र की बेटी अनिता राष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेगी।

### विधायक का नागरिक अभिनंदन

**झुंझुनूं ।** बगड़ रोड स्थित देवी कॉलोनी पर गोपाष्टमी के पर्व पर जेठानंद व्यास का नागरिक अभिनंदन किया गया और गौवंश के प्रति अनन्य प्रेमभाव बनाए रखने के लिए उन्हें साधुवाद दिया गया। कार्यक्रम संयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता महेश बसावतिया ने बताया जेठानंद व्यास ने कहा कि सनातन धर्म वैश्विक स्तर पर ले जाने के लिए सभी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाने चाहिए और पारिवारिक स्तर पर गोठ परंपरा प्रारंभ करनी चाहिए जिससे कुटुंब भाव का विकास हो। उनके स्वागत के लिए ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नेता शिवचरण पुरोहित, समाजसेवी रामचंद्र पाटोदा, उद्योगपति महेश रुंगटा मुंबई प्रवासी, प्रख्यात कथा वाचक रिदम कौशिक, शिक्षाविद सुरेंद्र शर्मा, एडवोकेट अनुपम शर्मा, सचिन शर्मा, प्रमोद शर्मा, विनोद शर्मा, राजेश शर्मा व पिंकी शर्मा आदि उपस्थित थे।

### एथलेटिक्स खेलो का आयोजन 13को

**सादुलपुर ।** भारत सरकार एवं राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के संयुक्त तत्वाधान में खेलो इंडिया टैलेंट आईडेंटिफिकेशन (कीर्ति) जिला कलक्टर अभिषेक सुराण के निर्देशन में 13 नवंबर 2024 को अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम राजगढ (चूरू) में वर्ष 9 से 18 तक कबड्डी व एथलेटिक्स खेलो का आयोजन करवाया जाएगा। सरस्वती मुण्डे ने रविवार शाम तीन बजे दी जानकारी में बताया कि इन खेलों में फिजिकल फिटनेस व खेल कौशल की प्रवीणता का टेस्ट लिया। जाएगा। इस आधार पर आगामी आने वाले खेलों इंडिया योजनाओं में वरीयता प्राप्त खिलाडियों को लाभान्वित किया जाएगा। जिसके रजीस्ट्रेशन दिनांक 11 नवंबर से अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम राजगढ चूरू आरम्भ होगें। इन खेलों के लिए नोडल अधिकारी के रूप में भारोतोलन प्रशिक्षक सीताराम प्रजापत को नियुक्त किया गया है।

### 1.84 करोड़ के कार्यों का शिलान्यास

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी ने रविवार को अग्रसेन चौक और यूआईटी रोड पर आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में 1.84 करोड़ रूपये के कार्यों का शिलान्यास किया। रविवार सुबह अग्रसेन चौक पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक बिहाणी ने कहा कि विकास के सभी कार्यों को पूर्ण करवाया जायेगा। जिन विकास कार्यों का शिलान्यास मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार गंगानगर में किया जा रहा है। उन सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्वक करवाया जायेगा।

## क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**बीदासर ।** कस्बे के राजेंद्र सुरेंद्र चौरडिया स्टेडियम में रविवार को सिलावट समाज प्रथम क्रिकेट प्रतियोगिता 2024 का भव्य शुभारंभ हुआ। इस दौरान क्रिकेट पीच पट्टी का नगरपालिका उपाध्यक्ष मेराज उल हसन छींपा, खेल प्रेमी मोडूराम ढाका, सोहनलाल भारी सहित सिलावट समाज के प्रबुद्धजनों ने फीता काटकर उद्घाटन किया। दूसरी और शुभारंभ अवसर पर खेल प्रेमियों और भामाशाहों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर भामाशाह फारूक पुत्र हाजी रसूलबख्श बल्खी ने विजेता टीम को 32 हजार रुपये और ट्रोफी व उप विजेता टीम को समाजसेवी सलीम बल्खी ने 16 हजार रुपये नगद और ट्रोफी देने की घोषणा की। इसके अलावा कई भामाशाहों ने क्रिकेट प्रतियोगिता में नगद सहयोग की घोषणा करते हुए खिलाड़ियों का मनोबल बढाया। शुभारंभ अवसर पर प्रथम मुकाबला बीदासर और लाडनूं की टीमों के बीच खेला गया। इस मौके पर शहर काजी हाफिज मोहम्मद सरीफ, पार्षद सदीक ऐरानी, युनूस शेख, समाज के व्योवृद्ध हाजी रमजान सोलंकी, नियाज मोहम्मद बागोट, सदर ईकबाल भुट्टा, रफीक मुगल, अमीर हसन टेलर, गुलाम रसूल बल्खी, याकूब मणिहार, एडवोकेट अख्तर सोलंकी, सराजूदीन बल्खी, वसीम अकरम खिलजी, युसूफ बल्खी, यासीन भुट्टा, नदीम सोलंकी सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक एवं खेल प्रेमी मौजूद थे।

## भजनलाल शर्मा ने बजट में दी झुंझुनूं को कई सौगात : सीपी जोशी



भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एव चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने प्रेसवार्ता की।

**झुंझुनूं , (निसं)।** स्थानीय राणी शक्ति मंदिर रोड स्थित लावरेश्वर महादेव मंदिर गेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता में बोलते हुए भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एव चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने कहा कि जहां एक ओर राहुल गांधी ने विदेशों में जाकर भारत माता, सेना व देश की प्रभुता को नीचा दिखाने का काम किया है।

साथ ही बार बार देश व प्रदेश की जनता को गुमराह करने का कुत्सित प्रयास किया है। दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व में देश का मान सम्मान बढ़ाने का काम अनवरत किया है। जिसके चलते आज भारत विकाश

- **सरकार ने सिलेंडरों की दरें 450 रूपए कर आमजन को राहत प्रदान की है**

सील देशों की श्रेणी में आ गया है। आजादी के समय से जम्मू कश्मीर की बड़ी समस्या धारा 370, 35 ए को समाप्त कर शांति बहाल की। वन रैंक वन पेंशन लागू की। उज्वला योजना के तहत मुफ्त रसोई गैस दी तो भजनलाल शर्मा की अगुवाई में राजस्थान सरकार ने सिलेंडरों की दरें 450 रूपए कर आमजन को राहत प्रदान की है। प्रदेश में पेट्रोल डीजल की कीमतें कम की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संकल्प पत्र पर अमल कर मात्र दस महीनों में किए गए अधिकतम वादों को पूर्ण किया। कांग्रेस के शासनकाल में ए के 47 के बल पर अपराधियों को थाने से ले जाते थे। पेपर लीक के आरोपी कांग्रेस के संरक्षण में थे। भाजपा सरकार बनते ही उन्हें सलाखों के पीछे भेजने का काम किया। भाजपा ने अपराध पर अंकुश लगाने का काम किया है। जोशी ने कहा कि भाजपा की कथनी व करनी में अंतर नहीं है।आजादी के बाद 60 वर्षों में जीतने कार्य हुए नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मात्र 10 वर्षों में उस से कई गुणा कार्य हुए हैं। भाजपा ने जो कहा वो करके दिखाया है। उन्होंने राजस्थान एव हरियाणा सरकार के मध्य हुए यमुना जल समझौते की बात करते हुए कहा कि अब जल्द ही झुंझुनूं ज़िले को पीने व सिंचाई का जल मिलेगा। उनके साथ भाजपा प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत, जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, सीकर जिलाध्यक्ष कमल सिखवाल, जिला प्रवक्ता कमलकांत शर्मा, प्रदेश से मीडिया प्रभारी जितेंद्र, मीडिया संभाग प्रभारी संतोष शर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भागवत कथा आयोजित

**सादुलपुर ।** महाराणा प्रताप चौक राजगढ में स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आत्माराम जांगिड परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा के दूसरे दिवस व्यास पीठ पर आसीन गोशिका गिरी महाराज ने मीरा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि भक्ति निष्काम होनी चाहिए जैसी मीरा, कर्मा एवं नरसी ने की। गोपाल शर्मा ने रविवार शाम पांच बजे जानकारी देते हुए बताया कि गोशिका गिरी महाराज ने भगवान के चौबीस अवतारों का वर्णन करते हुए बताया कि व्यास जी ने भागवत कथा की रचना कर अपने पुत्र सुखदेव जी को सुनाई और सुखदेव जी ने राजा परीक्षित को सुनाई। उन्होंने इस अवसर पर बढती मोबाइल संस्कृति को घातक बताते हुए कहा कि इससे हमारी याददाश्त कमजोर हो रही है, इसलिए सप्ताह में एक दिन मोबाइल अवश्य त्यागे और बच्चों को मोबाइल संस्कृति से दूर रखकर हमारी संस्कृति से उन्हें अवगत करवाए। उन्होंने बताया कि अपने बच्चों को रामायण गीता का अध्ययन करवा कर हमारे धर्म के बारे में भी बताना चाहिए।

## राज्यस्तरीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता में खेले गये फाईनल मुकाबले

**सादुलपुर ।** 68वी राज्यस्तरीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता 2024 राउमावि राजगढ के तत्वावधान में हुई, जिसमें रविवार को फाइनल मुकाबले खेले गये। स्कूल के पुराने मसीडें पर पॉल वाल्ट व ऊंची कूद के इवेंट्स हुए। तथा अंतरराष्ट्रीय खेल मैदान पर 4 गुना 100 व 1500 मीटर दौड आदि कई के रोचक मुकाबले हुए। मीडिया प्रभारी मनोज पूनियां ने रविवार शाम चार बजे जानकारी देते हुए बताया कि बांस कूद के 17 वर्ष के फाइनल मुकाबलों में विजय कुमार बालोतरा प्रथम,सूरज पांडिया शाहपुरा द्वितीय तथा जमील चूरू तीसरे स्थान पर रहे। उधर 1500 मीटर दौड 19 वर्ष में यश डारा हनुमानगढ प्रथम, दुष्यंत सिंह भरतपुर द्वितीय तथा दीपक मीना अलवर तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में 1500 मीटर दौड में ही 17 वर्ष में रोनी वर्मा झुंझुनूं प्रथम, मुकेश तेली राजसमंद द्वितीय तथा शुभम सेन जयपुर

- **68वी राज्यस्तरीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता 2024 राउमावि राजगढ के तत्वावधान में हुई,**

तीसरे स्थान पर रहे और ललित पूनिया चूरू चौथे स्थान पर रहे। साथ ही 04 गुना 100 मीटर में बीकानेर जिला प्रथम, हनुमानगढ जिला द्वितीय, अनूपगढ जिला तृतीय तथा सत्र पर्यंत राजगढ जिला चूरू चतुर्थ स्थान पर रहे। वहीं सुबह परिचय सत्र में पूर्व प्राचार्य हवासिंह पूनिया, प्राचार्य हासम खान, उपजिला शिक्षा अधिकारी खेल रामूराम बुंदेला व खेल प्रशिक्षक रहे। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा, नोडल प्राचार्य सुरेन्द्र सिंह पूनिया, उपप्राचार्य राजबीर सुडा आदि ने निरीक्षण कर आवास एवं मैदान व्यवस्था आदि देखी। मनोज पूनिया ने बताया कि 11 नवंबर को पुरस्कार, ट्रॉफी वितरण व समापन समारोह होगा। मैदान पर कोच रोहताश कुल्हाड, कोच जसवंत पूनिया, कोच राधेश्याम, धर्मवीर सिंह, हनुमान सिंह, विनोद गागडवास, पवन पूनिया, समीर पूनिया, विजेंद्र सिंह, अशोक पूनिया नीमा, कैलाशचंद्र, राजकुमार बेवड, राजेन्द्र सिंह पूनिया आदि नियुक्त हैं, जो विभिन्न खेल प्रशिक्षकों व शारीरिक शिक्षकों के साथ सहयोग कर अनुशासनात्मक तरीके व खेल नियमों से प्रतियोगिता सम्पन्न करवा रहे हैं। खेल नियंत्रण कक्ष में उपप्राचार्य राजकुमार पूनिया, अश्विनी शर्मा, हनुमान श्योराण, चंद्रपाल, रविकांत सकरवाल आदि कार्य संपादन में लगे हैं तथा आवास व अन्य व्यवस्थाओं में डॉ सोमवीर सिंह, विजय कुमार दर्जी, गजराज सिंह राठौड, संदीप जडिया, विजय स्वामी व ओमप्रकाश मीणा आदि मुस्तैदी से ड्यूटी दी।

## सी.एम. पर बरसे दिनेश सुंडा

**झुंझुनूं।** प्रदेश के सीएम भजनलाल शर्मा के भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में शनिवार को हुई जनसभा में कांग्रेस पर पेपरलीक के आरोप व यमुना जल समझौता पर दिए बयान पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि जब भी वे झुंझुनूं आते हैं, तो बीजेपी के कार्यकर्ता आशा से उनको देखते हैं कि कुछ तो कम से कम उनके द्वारा किया जाएगा। लेकिन बार-बार जिस तरीके से भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा झूठ बोलने की ट्रेंनिंग दी जाती है कि एक झूठ को बार-बार बोलो ताकि लोगों को सच लगने लग जाए। आज वो बात करते हैं बार-बार पेपर लीक की, तो गत कांग्रेस सरकार पेपर लीक और पेपर माफियों के खिलाफ सबसे पहले इस देश में कानून लेकर आई, ताकि आगे से इस तरह की घटनाओं की पुनरावृति नहीं हो। वहीं भारतीय जनता पार्टी की राजस्थान में और केंद्र दोनों जगह सरकार होने के बाद नीट परीक्षा में हुए घोटाले पर चुप है। लेकिन समझौते के मुताबिक हरियाणा में बरसात काअतिरिक्त पानी होने पर ही राजस्थान को मिलेगा।

## विश्वकर्मा समाज प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**रतनगढ़,(निसं )।** चुंगी नाका स्थित जांगिड़ अतिथि भवन रतनगढ़ में श्री छोगाराम जी नागल फाउंडेशन बू-कर्मसोता (नागौर) के आर्थिक सौजन्य से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें राजकीय सेवा में चयनित तथा उत्कृष्ट खिलाड़ी ,स्नातकोत्तर,स्नातक, शिक्षा स्नातक कक्षा-12वीं, 10वीं में सत्र 2023-24 में उच्च अंक अर्जित करने वाली समाज की कुल 140 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वकर्मा समाज सेवा समिति के अध्यक्ष सुखाराम राजोतिया ने की, कार्यक्रम आयोजन के आर्थिक सौजन्य हेतु भामाशाह मूलाराम जी नागल व उनके सुपुत्रों भैरव, भागीरथ, एवं मनोज नागल का शाल, श्रीफल व अभिनंदन पत्र भेंट कर समिति द्वारा स्वागत किया गया, कार्यक्रम में मूलाराम जी नागल ने समाज की प्रतिभाओं के विकास हेतु भविष्य में आर्थिक संसाधनों के हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया, भामाशाहों को प्रेरित करने में श्रीमान शंकर लाल पाटोदिया निवासी बादनू व गोवर्धन लाल धामू कांगड़ ने मुख्य भूमिका निभाई, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में दिलीप कुमार( ) सांवताराम गिरवरसर,रामनिवास बू-कर्मसोता, जगदीश प्रसाद डाडीवाल, चेतनराम, जसरासर पदमाराम माकड़,बाबूलाल सारसर ,दिनेश मायल भोजासर, मनोहर लाल रोलीवाल ,नौरंगलाल सिमसिया ,नरेंद्र कुमार रिड़खला, ओमप्रकाश (से.नि.जिशिअ), मोहनलाल रोसांवा, नरेंद्र बरवाड़िया,व रामेश्वर लाल चांपावासी आदि मंचासीन थे,कार्यक्रम में से.नि. जिला शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश बरवाड़िया ने उपस्थित भामाशाह,अभिभावकों व समाज की प्रतिभाओं का मंच के माध्यम से स्वागत अभिनंदन किया,कार्यक्रम में समाज के सम्मानित सदस्य लिखमीचंद काला,, मनीराम पाबूसर,महेंद्र बोदलिया, लालचंद डाडीवाल, तुलछाराम धामू,लालचंद भाटिया,भंवर लाल धामू, सांवरमल बरवाड़िया,बाबूलाल सेहला, मनफूल ढाढर,ओम प्रकाश से.नि.तहसीलदार, मनोज धामू, फूसाराम बोदलिया, मदनलाल बछरारा राधेश्याम बरवाड़िया, सूर्य प्रकाश, मोहनलाल सुथार, कनक चोयल,आदि उपस्थित रहे अंत में समिति के अध्यक्ष श्री सुखाराम राजोतिया ने सभी आगंतुकों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया,कार्यक्रम का संचालन विनोद बोदलिया(प्रधानाचार्य)व बजरंग लाल धामू गौरीसर नें संयुक्त रूप से किया।

## विधिक साक्षरता दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

**उदयपुरवाटी ।** राजीव गांधी युवा विकास संस्थान कोट की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोट में राष्ट्रीय विधिक साक्षरता दिवस पर कार्यशाला का आयोजन प्रधानाचार्य श्रवण कुमार मीणा की अध्यक्षता में हुआ । इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने कहा कि समाज के गरीब एवं कमजोर वर्ग के लोगों द्वारा नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त करना उनका नैसर्गिक अधिकार है । देश की विधि के समक्ष सभी नागरिकों को समानता व उनके लिए समान अवसर के आधार पर न्याय को बढ़ावा देने वाली उचित, निष्पक्ष एवं न्याय सबके लिए की न्याय प्रक्रिया व्यवस्था सुनिश्चित की गई है । कार्यशाला में बच्चों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण, नि:शुल्क व अनिवार्य शिक्षा अधिनियम, चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल विवाह निषेध अधिनियम, गुड टच बैड

- **राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोट में राष्ट्रीय विधिक साक्षरता दिवस आयोजित**

टच, बाल तस्करी सहित विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई । कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रधानाचार्य श्रवण कुमार मीणा ने बाल विवाह, गुड टच बैड टच सहित कई सामाजिक बुराइयों के विषय में जानकारी देते हुए आभार व्यक्त किया । इस मौके पर विद्यार्थियों को कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम की शपथ दिलाई गई । इस दौरान महेंद्र कुमार जांगिड़, प्रताप सिंह खेदड़, बलराम गुर्जर, लक्ष्मण सिंह सैनी, विक्रम सिंह बजावा, अमर सिंह मीणा सहित कई मौजूद रहे ।

## प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**पाटन ।** नीमकाथाना अमरसरिया मनिहार समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह शहर के शाहपुरा रोड़ स्थित मदीना कॉलोनी में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में समाज की 170 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। समारोह मे तालीमी बेदारी मिशन टीम अलीगढ़ के संस्थापक सदस्य जनाब सादिक हुसैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजुमपरवेज़, इरफानआलम, फारूक हुसैन, प्रो.डॉ. इमामुद्दीन, (जाकिर हुसैन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी,अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी),जनाब डॉ.जफर आलम,डॉ बाबू खान इकबाल हुसैन,हाजी इस्माइल खान,इकबाल हुसैन, हाजी सब्बीर, बाबू डॉ, मंजूर अली, शौकत, हमीद कुरैशी, मो. रफीक, जैनुल आबेदीन, यासीन गनी सहित समाज के लोग मौजूद रहे। समारोह में अमरसरिया मनिहार समाज के 10 वीं, 12वीं में कक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स ,/ में अच्छे अंकों से पास होने



नीमकाथाना अमरसरिया मनिहार समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह शहर के शाहपुरा रोड़ स्थित मदीना कॉलोनी में आयोजित हुआ।

वाले छात्र छात्राओं, पूर्ण करने वाले छात्रों, खेलकूद में समाज का नाम रौशन करने वाले बच्चों/युवाओं, / जैसी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं मे चयनित छात्रों, वर्ष 2024 में सरकारी सेवाओं में चयनित होने वाले युवाओं, दीनी

- **मनियारी समाज ने 170 प्रतिभाओं का किया सम्मान**
- **समारोह में 10 वीं, 12वीं में कक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स वाले छात्र छात्राओं सम्मान किया**

तालीम में मुफ्ती, कारी, आलिम का कोर्स सफलता पूर्वक पूर्ण करने वाले का सम्मान किया गया। आए हुए अतिथियों ने समाज के लोगों को एकजुटता के साथ रहने को लेकर का और कहा कि अपने बच्चों को शिक्षा की ओर अग्रसर करें, जिससे समाज के बच्चे आगे बढ़कर समाज और देश का नाम रोशन करें।

## सार-समाचार

### प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**चूरू, (कासं.)।** रविवार को जिला रावणा राजपूत संस्थान द्वारा समाज का दिपावली स्नेह मिलन एवं प्रतिभा साम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्थान द्वारा समाज के सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में उत्कृट कार्य करने वाले गुमान सिंह बामणा, प्रेम सिंह पंवार, प्रह्लाद सिंह सोलंकी, अशोक सिंह राठौड़, भंवर सिंह झारिया, दलीप सिंह निर्वाण, शिव सिंह चौहान जसरासर को सम्मानित किया गया। सजन सिंह पुत्र नत्थू सिंह शेखावत निवासी रामसरा द्वारा नेशनल राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने पर प्रतिक चिन्ह् व नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। समाज के छात्र छात्राएं जिनके गत परिक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक आए उन प्रतिभाशाली 55 छात्र-छात्राओं को प्रतिक चिन्ह् व नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान हनुमान सिंह चौहान, हरिसिंह सिंह कुमानी, बजरंग सिंह परिहार, भगवान सिंह उदावत, डूंगर सिंह सोनगरा, भंवर सिंह परिहार, भंवर सिंह सादुलपुर, महेंद्र सिंह राठौड़, टोरू सिंह परिहार, राजेंद्र सिंह परिहार, जय सिंह परिहार, किशन सिंह राठौड़, गुलाब सिंह राठौड़, देवेंद्र सिंह मेड़तिया, राजू सिंह पोटी, गजेंद्र सिंह खींची, नत्थू सिंह शेखावत, राजेंद्र सिंह पंवार, पप्पू सिंह चौहान, भादर सिंह राठौड़, सुल्तान सिंह सोनगरा, नानू सिंह बड़गुजर, राम सिंह बिदावत, रणजीत सिंह, रतन सिंह परिहार, दशरथ सिंह गौड़, संपत सिंह, जय सिंह, विजय सिंह राठौड़, सुरेश सिंह, जितेंद्र सिंह, समुंदर सिंह, सुमेर सिंह, पवन सिंह, राम सिंह राठौड़ आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन इंद्र सिंह शेखावत व डिंपल मेड़तिया ने संयुक्त रूप से किया। हरिसिंह राठौड़ ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा आयोजित

**चूरू, (कासं.)।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा जिला सभा चूरू की बैठक आज श्री विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण में जिला अध्यक्ष नीरज रोलीवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि महासभा राष्ट्रीय उपप्रधान भंवरलाल सावलोदिया थे जिन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में सभी को एक साथ लेकर चलना चाहिए। महासभा संरक्षक प्रकाश राजोतिया ने कहा कि समाज में एकता का भाव होना हम सब की प्राथमिकता होनी चाहिए। जिला अध्यक्ष नीरज रोलीवाल बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो। जिला महामंत्री बुधरमल सिल्क, जिला कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश राजोतिया, महासभा संरक्षक प्रकाश राजोतिया, हरिकिशन जांगिड़, रामचंद्र जांगिड़, बनवारी लाल बरड़वा, उम्मेद कुमार रोलीवाल, दिनेश मिशन, अंकुश कुमार, अमन कुमार आदि उपस्थित थे।

### प्राण प्रतिष्ठा 13 नवंबर को होगी

**बीदासर ।** कस्बे के वार्ड 29 दड़ीबा पानी टंकी के पास नवनिर्मित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर की मुर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा 13 नवंबर को बुधवार को प्रात: 9.30 बजे होगी। कार्यक्रम के आयोजक डुंगरमल शर्मा ने बताया कि मुर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 12 नवंबर मंगलवार की रात्रि में विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गुलाब नाथ महाराज भंजनो की अमृत वर्षा करेंगे। बुधवार की सुबह मुर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बीदासर गौशाला स्थित राधाकृष्ण मंदिर से गाजे बाजे व मनमोहक झांकियों के साथ कस्बे के प्रमुख मार्गों से मंदिर प्रांगण तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। मुर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रद्धालुगण तैयारियों में जोर शोर से जुटे है।

### गीता कक्षा में करवाया पाठ

**चूरू, (कासं.)।** गीता क्लासेस में रविवार को जनार्दन आचार्य ने बच्चों से पांच श्लोक सुने और नित्य 9 नियम के बारे में बच्चों से प्रश्न पूछे, साथ में 12वें अध्याय का पाठ करवाया तथा उसका हिंदी अर्थ बताया। संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि बच्चे निरंतर अच्छा अभ्यास कर रहे हैं। सह संयोजक माधुरी शर्मा ने प्रसाद वितरित किया गया।
फोटो-चूरू, 10 नवम्बर-2- गीता क्लासेस में रविवार को जनार्दन आचार्य ने बच्चों से पांच श्लोक सुने।

### गोपीनाथ व गायों को सुनाए भजन

**सीकर ।** श्री श्याम बाबा भजन समिति के संयोजक सचिव भजन गायक श्यामभक्त रामगोपाल गोपी ने यहां सालासर रोड़ पर स्थित गोपीनाथ गौशाला में आयोजित गोपाष्टमी महोत्सव में बाबा श्याम के एक से बढ़कर एक भजन सुनाये। ये भजन राजा गोपीनाथ भगवान व गौमाता को समर्पित रहे। भाव विभोर कर देने वाले भजन सुनकर महोत्सव में मौजूद भक्तगण नाचने को मजबूर हो गए।श्यामभक्त गोपी ने इस अवसर पर कहा है कि सभी भक्तों की जिम्मेदारी बनती है कि वह गायों की देखरेख व सेवा निरंतर करते रहें। इस अवसर पर गौशाला के मंत्री श्री गोपाल सोमानी, ओमप्रकाश गाडोदिया, लक्ष्मीकांत बियाणी, राजेन्द्र खंडेलवाल, गोपीनाथ मंदिर के पुजारी ने श्यामभक्त रामगोपाल गोपी की प्रशंसा करते हुए उनका सम्मान किया। इस मौके पर समिति की उपाध्यक्ष भावना जांगिड़, अनीता कांकरोलिया, राज शर्मा, सावित्री दीक्षित राजकवर, संगीता आसवानी, श्रवण शर्मा, शंकर लाल, गौशाला के चिकित्सक डॉक्टर झाबर सिंह, मैनेजर दिनेश शर्मा, शंकर लाल सेन, पंडित विजय कुमार शर्मा सहित काफी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे श्यामभक्त गोपी ने गायों को हरा चारा व अल्पाहार कराकर गौ सेवा का कार्य भी किया।

### साहित्य अकादमी की बैठक आयोजित

**पाटन ।** भारतीय दलित साहित्य अकादमी जिला इकाई नीमकाथाना के जिला अध्यक्ष रतिराम वर्मा की अध्यक्षता में कार्यकारिणी मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें दलित साहित्य के प्रचार प्रचार पर जोर दिया गया तथा वृद्ध जनों का सम्मान करने का प्रस्ताव लिया गया। इसी कार्यक्रम में अंबेडकर मानव कल्याण संस्थान नीमकाथाना के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामजीलाल वर्मा एवं महासचिव हरफूल मरोडिया का पंचशील दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया।गुरु दयाल तेतरवाल की ढाणी ने तथा अन्य सदस्यों अपने अपने विचार रखे। जिला अध्यक्ष रतिराम वर्मा ने समाज सेवा का महत्व बताते हुए साहित्य पढ़ने पर जोर दिया। कार्यकारिणी मीटिंग में बनवारी लाल,निर्मला देवी, मूलचंद जिलोवा ,राजकुमार ,नंजु महारानियां, प्रो. जगवीर, रतनलाल खारड़िया ,लेखराज, हेमराज आदि उपस्थित रहे।

## नशे के सौदागरों ने बीकानेर में अपनी जड़ें जमाई

**बीकानेर,(कासं)।** नशे का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है और सबसे ज्यादा युवा इसकी चपेट में हैं। पिछले दो साल में पुलिस थानों में जितने मुकदमे दर्ज नहीं हुए उससे ज्यादा इस साल 10 माह में ही दर्ज हो चुके हैं। बीकानेर में सबसे ज्यादा तस्करी डोडा-पोस्त की हो रही है।

बीकानेर जिले को सेफ मानकर नशे का कारोबार करने वाले तस्करों ने यहां अपने पांव जमा लिए। तीन साल पहले तक बीकानेर में नशा चोरी-चुपके और चुनिंदा लोगों तक सीमित था। लेकिन पिछले तीन सालों में अचानक नशे के सौदागरों ने गहराई तक अपनी जड़ें जमा ली। अब नशीले पदार्थ आमजन, खासकर युवाओं तक आसानी से पहुंचने लगे। भुट्टो का बास, सुभाषपुरा, रामपुरा, बंगला नगर सहित कई इलाकों में परिवार के परिवार इस गोरखधंधे में शामिल हो गए। डोडा-पोस्त, अफीम, गांजा, चरस, नशीली दवाईयों से लेकर एमडी जैसे खतरनाक नशीले पदार्थ बीकानेर में सप्लाई होने लगे और जमकर खरीद-फरोख्त की जाने गली। पिछले तीन साल में पुलिस थानों में दर्ज मुकदमों की पड़ताल की तो सामने आया कि नशे का कारोबार तेजी से बढ़ा है। पिछले दो सालों में दर्ज मुकदमों से ज्यादा तो केवल इस साल 10 माह में ही दर्ज हो चुके हैं। पुलिस ने वर्ष 2022 में

- **पिछले दो साल में पुलिस थानों में जितने मुकदमे दर्ज नहीं हुए उससे ज्यादा इस साल 10 माह में ही 313 केस दर्ज हो चुके हैं**

133 केस दर्ज कर 233 अभियुक्तों को और वर्ष 2023 में 160 केस दर्ज कर 207 लोगों को गिरफ्तार किया था। लेकिन वर्ष 2024 में अक्टूबर माह तक 313 मुकदमे दर्ज हो चुके जिनमें 370 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किए जिनमें सबसे ज्यादा डोडा-पोस्त है। पुलिस रिकॉर्ड में 42 ऐसे अभियुक्त चिन्हित किए गए हैं जो जनवरी से अक्टूबर तक नशीले पदार्थ बेचते धरे गए। शहर में नशीले पदार्थों पर पूरी तरह से रोक अब तक नहीं लग पाई है। पिछले दिनों पुलिस ने भुट्टों के बास में तलाशी अभियान चलाया था। कुछ लोगों को पकड़ा। काफी मात्रों नशीले पदार्थ जब्त किए लेकिन यह अवैध कारोबार अब भी हो रहा है। हालांकि पुलिस की सक्रियता के कारण बाहर से खेप आनी फिलहाल बंद हो गई है।